## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 05.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 25 फसलों की एक सौ चौरासी नई किस्में जारी कीं, कहा –चावल उत्पादन में भारत विश्व में अव्वल।
2. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज दुमका जायेंगे , बीएलओ से करेंगे संवाद, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण प्रकिया की करेंगे समीक्षा
3. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केरल की समृद्ध संस्कृति, और मानवीय मूल्यों की सराहना की, केरल फेस्ट में कहा– एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हैं ऐसे आयोजन ।
4. लोहरदगा-टोरी लाइन पर पुल में दरार पड़ने से कई ट्रेनें प्रभावित, रांची–सासाराम ट्रेन आज से 7 जनवरी तक रद्द, यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए बदलाव ।
5. राज्य में घने कोहरे और शीतलहर की चेतावनी, रांची, हजारीबाग समेत कई जिलों में आज और कल सभी स्कूलों में 12 वीं तक की कक्षाएं स्थगित।

********************

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2025 में भारत का चावल उत्पादन डेढ सौ मिलियन टन से अधिक रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की विकसित बेहतर गुणवत्ता वाली 25 फसलों की 184 नई किस्मों के उद्घाटन अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि भारत ने चावल उत्पादन के मामले में चीन को पीछे छोड़ पहले नम्बर पर पहुंच गया है।

********************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय झारखंड दौरे के अंतिम दिन आज दुमका के बासुकीनाथ धाम पहुंचे। श्री कुमार ने बाबा फौजदारी नाथ का सपरिवार दर्शन और पूजन किया। पूजा के बाद वे देवघर में तपोवन के प्लस टू स्कूल में बीएलओ से सीधी बात करेंगे । इस दौरान एस आई आर के तहत घर–घर सत्यापन, नए मतदाताओं को जोड़ने तथा मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी। इससे पहले कल उन्होंने एम्स देवघर का भ्रमण किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में यहां विश्व स्तरीय इलाज की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वीबी – जी राम जी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाकर करोड़ों परिवारों को आत्मनिर्भर बनाएगा और विकसित भारत की दिशा में यह एक मजबूत कदम साबित होगा। श्री मरांडी ने कहा कि वीबी – जी राम जी के तहत रोजगार की अवधि बढ़ाई गई है, मजदूरी का भुगतान तेज़ और नियमित होगा तथा तकनीकी सुधारों से पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था मजबूत की गई है। उन्होंने कहा कि इससे गरीब और वंचित परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव आएगा। बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा और गांवों में आय के स्थायी अवसर बढ़ने से पलायन पर अंकुश लगेगा।

********************

कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार से 'जी राम जी' कानून वापस लेने की मांग करते हुए विरोध में आज रांची में आज एक रैली आयोजित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता मोराबादी स्थित बापू वाटिका में एकत्रित होंगे और लोक भवन की ओर मार्च करेंगे।

********************

भारतीय जनता पार्टी की झारखंड इकाई राज्यभर के शहरी निकाय क्षेत्रों में शीघ्र नगर निकाय चुनाव कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश भाजपा ने आज से 8 जनवरी तक राज्य के सभी 49 नगर निकायों के कार्यालयों पर प्रदर्शन का निर्णय लिया है।

********************

मलयाली एसोसिएशन, रांची द्वारा  केराली स्कूल परिसर में आयोजित दो दिवसीय केरल फेस्ट का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि केरल केवल एक भौगोलिक प्रदेश नहीं, बल्कि ज्ञान, दर्शन, संस्कृति और मानवीय मूल्यों की समृद्ध भूमि है। उन्होंने कहा कि केरल की समृद्ध संस्कृति, ज्ञान–परंपरा और मानवीय मूल्यों ने भारत की एकता को सदैव सुदृढ़ किया है। ऐसे आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हैं।

********************

दसवें सिख गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती  पर उनका 359वां प्रकाश पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ जमशेदपुर में मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजाए गए, कीर्तन हुआ और श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब के चरणों पर शीश नवाया।

********************

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चौथे दिन साहिबगंज जिले  में ड्रंक एंड ड्राइव जागरूकता और जांच अभियान का आयोजन किया गया।  जिला परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और जागरूकता ही दुर्घटना रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है।

********************

रांची रेल मंडल के रांची– लोहरदगा –टोरी रेलखंड के अंतर्गत नगजुआ और लोहरदगा स्टेशन के बीच कोयल नदी पर स्थित पुल संख्या 115 के पिलर संख्या 4 और 5 के मध्य दरार आ जाने से रांची रेल मंडल से परिचालित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। रांची– सासाराम एक्सप्रेस आज से 7 जनवरी तक रांची से रद्द रहेगी। वहीं रांची– लोहरदगा के बीच चलने वाली सभी मेमू पैसेंजर ट्रेनें नगजुआ तक ही जाएंगी और वहीं से रांची के लिए खुलेंगी।

********************

मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड और शीतलहर का असर बना रहेगा। मौसम वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने बताया कि अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होगी।

इधर तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए रांची, बोकारो, हजारीबाग, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। जिले के सभी सरकारी, अल्पसंख्यक और निजी विद्यालयों में नर्सरी से बारहवीं तक की कक्षाओं में पठन–पाठन का कार्य आज और कल स्थगित कर दिया गया है।

********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

झारखंड में आज और कल चलेगी शीतलहर, रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मौसम विभाग की चेतावनी को प्रमुखता दी है।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– पछुआ हवा ने बढ़ाई कनकनी, आज आठ जिलों में शीतलहर

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– भारत में टी– 20 विश्वकप मैच नहीं खेलेगा बांग्लादेश।

दैनिक भास्कर लिखता है– वेनेजुएला के बाद ट्रंप की क्यूबा–मैक्सिको को  धमकी।

प्रभात खबर ने लिखा है–  देवघर दौरे पर पहुंचे भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने एम्स का किया निरीक्षण।

****************